दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 155
मुरादाबाद
(Friday)
26 September 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की वृंदावन यात्रा, परिवार संग किए बांके बिहारी मंदिर दर्शन

वृंदावन पहुंचकर राष्ट्रपति सबसे पहले ठाकुर बांके बिहारी मंदिर गईं। वहां उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की और भगवान के चरणों में माथा टेका।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार की सुबह विशेष ट्रेन से वृंदावन पहुंची। राष्ट्रपति दिल्ली से सुबह आठ बजे रवाना हुईं। तकरीबन दस बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर उतरीं। ट्रेन के 18 कोचों में से 12 कोच सिर्फ राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए आरक्षित किए गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल थे। स्टेशन पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ने किया स्वागत- स्टेशन पर राष्ट्रपति का स्वागत प्रदेश सरकार के गन्ना विकास और चीनी उद्योग मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, मथुरा के मेयर विनोद अग्रवाल और एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने किया। वे मथुरा में सात घंटे के दौरे पर आयीं हैं। इस दौरान वे कई मंदिरों के दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना करेंगी।

इसके अलावा वे कई धार्मिक स्थलों का दर्शन भी करेंगीं। वृंदावन पहुंचकर राष्ट्रपति सबसे पहले ठाकुर बांके बिहारी मंदिर गईं। वहां उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की और भगवान के चरणों में माथा टेका। बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी परिवार की ओर से पूजा संपन्न कराई गई।

राष्ट्रपति मंदिर में करीब आधे घंटे तक रहीं। उन्होंने ठाकुर जी के लिए भेंट स्वरूप लिफाफा अर्पित किया। मंदिर मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि राष्ट्रपति का आगमन वृंदावन के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने परिवार के साथ दर्शन कर श्री बांके बिहारी जी का आशीर्वाद लिया। कन्नौज से मंगाए गए इत्र से की पूजा- मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने उनके स्वागत के लिए विशेष इंतजामात किए। बांके बिहारी मंदिर में राष्ट्रपति ने कन्नौज से मंगाए गए खास इत्र से पूजा की। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पुलिस-प्रशासन राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर मुस्तैद नजर आया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह दौरा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह वृंदावन और मथुरा के लिए गर्व की बात भी है। राष्ट्रपति ने जिस श्रद्धा और सादगी से भगवान बांके बिहारी और निधिवन की परिक्रमा की। वह प्रेरणादायी है।निधिवन में पूजा कर लगाई परिक्रमा- बांके बिहारी मंदिर के बाद राष्ट्रपति निधिवन पहुंचीं। यहां उन्होंने वृक्षों की पूजा की और पांच सौ मीटर की परिक्रमा लगाई। निधिवन में वह आधे घंटे तक रहीं और बिहारी जी की प्राकट्य स्थली, रंग महल, रास मंडल, बंशी चोरी राधा रानी और स्वामी हरिदास जी के समाधि स्थल पर जाकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने वृंदावन की संस्कृति और धार्मिक महत्व को भी जाना। राष्ट्रपति का यह दौरा कई मायनों में ऐतिहासिक है। वे श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति होंगी। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने यहां दर्शन किए थे। राष्ट्रपति मुर्मू का पूरा कार्यक्रम धार्मिक स्थलों के दर्शन के इर्द-गिर्द केंद्रित रही।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा कितना भी झूठ बोले, हम पिछड़े वर्गों को पूरा हक दिलाने के लिए संकल्पबद्ध, राहुल गांधी का बयान

कांग्रेस नेता राहुल गांदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन अति पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों को पूरा हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे भाजपा कितना भी झूठ फैलाए और ध्यान भटकाने की साजिश करे। उन्होंने कहा। उन्होंने %अति पिछड़ा न्याय संकल्प% के तहत शिक्षा, आरक्षण और जमीन जैसे मुद्दों पर वंचित समुदायों के लिए कई ठोस वादे किए।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहे कितना भी झूठ और भ्रम फैलाए, महागठबंधन अति पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समुदायों को पूरा अधिकार दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी का यह बयान तब आया है, जब एक दिन पहले बिहार में विपक्षी गठबंधन ने अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी किया है। बिहार के प्रभावशाली अति पिछड़ा वर्ग से वादा किया कि अगर इंडिया ब्लॉक सत्ता में आता है, तो अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम की तर्ज पर एक नया कानून बनाकर अत्याचारों से सुरक्षा दी जाएगी। यह ईबीसी आउटरीच पहल ऐसे समय में शुरू की गई है, जब कुछ ही दिनों में बिहार विधानसभा चुनाव का एलान हो सकता है। पटना में अति पिछड़ा न्याय संकल्प नाम से कार्यक्रम हुआ था। जिसमें कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव सहित विपक्षी गठबंधन के अन्य नेता भी शामिल हुए।

अखिलेश यादव बोले- जाति हमारा इमोशनल कनेक्ट... पीडीए की एकता से घबरा रही है भाजपा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए को सपा पर भरोसा है। इससे भाजपा घबरा गई है। हमें जाति के आधार पर ही आरक्षण मिला हुआ है।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जाति हमारा इमोशनल कनेक्ट है। पिछड़ों को जाति के आधार पर आरक्षण दिया गया है। मंडल कमीशन की प्रस्तावना में ये बात आई कि हम जाति के आधार पर पिछड़े हैं तो हमें आरक्षण मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की एकता से घबरा गई है। जबसे हमने अलग-अलग विभागों में पीडीए की तैनाती के आंकड़े जारी किए हैं तब से भाजपा घबरा गई और लोगों को अपमानित कर रही है। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे जिसमें उन्होंने योगी सरकार के आदेश कि एफआईआर, अरेस्ट वारंट या किसी भी दस्तावेज पर जाति नहीं लिखी जाएगी के आदेश पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हरिजन एक्ट तो जाति पर ही बना है। जिन लोगों ने गंगाजल से मकान को धुलवाया उन पर कार्रवाई हुई क्या? मैं जिस मंदिर में गया था उसके पंडित के मना करने पर भी भाजपा के लोगों ने मंदिर को धुलवाया। उन्हें बताना चाहिए कि ऐसा क्यों किया? पीडीए को अब समाजवादी पार्टी पर भरोसा है।भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े- अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। विधायक मंच से बोल रहे हैं कि 10 प्रतिशत कमीशन है उस पर बोलेंगे नहीं और हमें क्रीम, पाउडर और शैंपू में उलझा रहे हैं। हम भी बाजार जाएंगे। कहा कि जो लोग ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं उन्हीं से बात की जा रही है। अखिलेश यादव ने सपा में शामिल होने वाले सुधीर चौहान, पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, विद्यासागर और लालजी भारती (बसपा से आए हैं) का स्वागत किया। किसानों के साथ अन्याय की कीमत पर विकास का समर्थन नहीं करते- अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग षडयंत्र करते हैं और किसानों से उनकी जमीन जबरदस्ती ले लेते हैं। किसानों से धोखा करने का रास्ता विकास का रास्ता नहीं हो सकता है। ये लोग जो कानून हैं उन कानून की परवाह ना कर करके, दबाव बनाकर, झूठे मुकदमें लगाकर, जमीन छीनने का काम करते हैं और ये सिलसिला चल रहा है। हम लोग इसका विरोध करते हैं और जब हमारी सरकार आएगी तो किसानों को सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजा दिया जाएगा। किसानों के साथ अन्याय की कीमत पर विकास को सही नहीं ठहराया जा सकता।

पहले 1,000 की शर्ट पर 117 रुपये टैक्स लगता, GST लागू होने के बाद... ट्रेड शो में बोले पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। ग्रेटर नोएडा में हो रहे इस ट्रेड शो में प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच मिलेगा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज से आगाज हो गया है। ग्रेटर नोएडा में हो रहे इस ट्रेड शो में प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच मिलेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज उद्घाटन किया। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।सीएम योगी और सरकार के सभी सहयोगियों को बधाई- पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी-2025 में कहा, आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। उन्होंने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया। अंत्योदय का अर्थ है, सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान, सबसे गरीब व्यक्ति तक विकास पहुंचना, सभी भेदभाव समाप्त हो, यही अंत्योदय है, और अंत्योदय में ही सामाजिक न्याय को बल मिलता है। आज भारत विकास के इसी मॉडल को दुनिया को दे रहा है। मुझे खुशी है कि 2,200 से ज्यादा प्रदर्शक यहां अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस व्यापार मेले का कंट्री पार्टनर रूस है, यानी इस व्यापार मेले में हम एक समय-परीक्षित साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार के सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं।%पीएम मोदी ने कहा, %आज सरकार मेक इन इंडिया, मैन्युफैक्चरिंग पर इतना जोर दे रही है। हम चिप से लेकर जहाज तक, सब कुछ भारत में बनाना चाहते हैं, इसलिए हम आपके व्यापार में आसानी के लिए काम कर रहे हैं। सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है, लेकिन सरकार की कुछ अपेक्षाएं भी हैं कि आप जो भी निर्माण कर रहे हैं, वह सर्वोत्तम गुणवत्ता का हो। आज देशवासियों के मन में ये बात है कि स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हो, इसलिए गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।%पीएम ने कहा, %आज पूरे भारत में जितने मोबाइल फोन बनते हैं, उसमें से 55त्न मोबाइल उत्तर प्रदेश में बनते हैं। यूपी अब सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूती देगा। यहां से कुछ किलोमीटर दूर ही एक बड़ी सेमीकंडक्टर फैसिलिटी पर काम शुरू होने वाला है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही होगा। हर वो उत्पाद जो हम भारत में बना सकते हैं, वो हमें भारत में बनाना है। पीएम मोदी ने कहा, हमारी सेनाएं स्वदेशी चाहती हैं और दूसरों पर निर्भरता को कम करना चाहती हैं। इसलिए हम भारत में ही एक वाइब्रेंट डिफेंस सिस्टम विकसित कर रहे हैं, पुर्जे-पुर्जे पर मेड इन इंडिया की छाप हो, हम ऐसा एक इकोसिस्टम बना रहे हैं, और यूपी इसमें भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। आज, भारत रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म की प्रतिबद्धता के साथ अपने उद्योग, व्यापारियों और नागरिकों के साथ खड़ा है। तीन दिन पहले जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लागू हुए। जीएसटी में ये बदलाव संरचनात्मक सुधार हैं जो भारत की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। ये जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एमएसएमई को तेजी से रिफंड सुनिश्चित करेंगे% पीएम मोदी ने कहा, %मैं आप सभी का आह्वान करता हूं, यूपी में निवेश कीजिए, यूपी में मैन्युफैक्चर कीजिए। यहां लाखों स्वस्थ्य का मजबूत नेटवर्क है, उनका सामर्थ्य इस्तेमाल कीजिए और एक कंप्लीट प्रोडक्ट यहीं तैयार कीजिए। इसके लिए हर मदद के साथ यूपी सरकार और भारत सरकार आपके साथ है। पीएम मोदी ने कहा, %2014 से पहले इतने सारे टैक्स थे कि बिजनेस की कॉस्ट और परिवार का बजट कभी संतुलित नहीं हो पाते थे। इसे संतुलित करना मुश्किल था।

सांसद चंद्रशेखर को मेरठ जाने से रोका, घर से लेकर रास्ते तक छावनी में तब्दील, चकमा देकर निकले

आसपा के राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र भाटी को मेरठ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद जेल भेजा गया था। चंद्रशेखर उनसे मिलने मेरठ जेल जा रहे थे, तभी उन्हें रोक लिया गया। सांसद का कहना है कि वह हर हाल में मेरठ जाएंगे। करीब एक घंटे बाद वे चकमा देकर मेरठ चले गए। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के मेरठ जाने की सूचना से हड़कंप मच गया। एसपी देहात सागर जैन और कई थानों की पुलिस उनके आवास पर पहुंची। एलआईयू के अधिकारी भी डेरा डालकर पल-पल की खबर ले रहे हैं। पुलिस ने चंद्रशेखर को रोक लिया,

मगर वे बाद में पुलिस को चकमा देकर मेरठ जेल पहुंच गएदो दिन पहले आसपा के राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र भाटी को मेरठ के दादरी मंडोरा क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। सांसद चंद्रशेखर आजाद बृहस्पतिवार को भाटी से मिलने मेरठ जेल जाने वाले थे। आजाद समाज पार्टी ने अपने फेसबुक पेज पर इसकी पोस्ट की थी। आधी रात के बाद से ही फतेहपुर पुलिस ने सांसद के हरिजन कालोनी स्थित आवास के बाहर डेरा डाल दिया था। बृहस्पतिवार सुबह बिहारीगढ़ और नागल थानाध्यक्ष के हां भी पुलिस फोर्स पहुंच गई। इसके बाद एसपी देहात सागर जैन ने छुटमलपुर पहुंचकर सांसद चंद्रशेखर आजाद के साथ बात की। कुछ देर वार्ता करने के बाद वह वापस लौट गए। इसके बाद अचानक से यहां से पुलिस हटा ली गई। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि हिरासत में लेने से वह डरने वाले नहीं हैं, हर सूरत में मेरठ जाएंगे। इसी बीच सांसद आवास पर पुलिस के जमावड़े की खबर मिलने पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी जुट गए। भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन, आसपा के जिलाध्यक्ष सचिन खुराना, भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित राज गौतम, काशी मौर्य, विधिक सलाहकार संदीप कांबोज, प्रदेश सचिव सचिन एडवोकेट आदि मौजूद रहे। एसपी देहात सागर जैन का कहना है कि सांसद को हिरासत में नहीं लिया गया। पुलिस केवल सांसद से उनके कार्यक्रम के बारे में जानने गई थी। पहुंच गए मेरठ जेल- सांसद चंद्रशेखर इसके करीब एक घंटे बार पुलिस को चकमा देकर रवाना हो गए और मेरठ जेल पहुंच गए।

संपादकीय Editorial

The Journey of the OBC Struggle

As the chariot of social justice for the people set off from Kangra to Dharamshala, the heat of OBC ambitions brought the symptoms of the reservation malaise to the fore. The issue of OBC reservation, which had been ignited in the national political arena over constitutional issues, reached its first stop in Himachal. The atmosphere, agitated nearly three and a half decades ago by the Mandal Commission's recommendations, was rekindled, not by chance but by a long story of a community being ignored. The 27 issues and requests for reservation were rendered incurable, so it must be understood that when those gathered on Saturday, the flags of inequality were in the air, defying the winds. The slogans represented not just a fight for rights, but a new beginning in the state's politics. For some time now, the demand for tribal status for the Giripar region has become more pressing, and a wave of advocacy has been registered. Previously, the Gaddi community of Kangra had been included in the tribal rights category. So why was the OBC community left behind, directly influencing voting in Kangra, Hamirpur, Una, and several other districts? The anger expressed in Saturday's rally now fully underscored the democratic, social, economic, and political rights of the OBC community in advocating for their existence beyond the confines of the field. The OBC community's advocacy has changed, and the need for this campaign has changed. Now, it has come to the forefront as an educated, aware, and vibrant community. Thirty-five years ago, this movement was proving its inflammability, but now it expresses intentions, energy, purpose, and clarity. This was also an example of OBC unity in Himachal, where a young face was on the banner and a well-defined strategy was included in the objective. Needless to say, the momentum generated in the OBC movement here has been recognized as nationally significant. The OBC community has honed its struggle points and is once again advocating for the 93rd Amendment to the Constitution. OBCs demand a 27 percent reservation and a new political upswing. This threat also looms large for those OBC leaders who have failed to lead their community in the pursuit of power. Over the past few years, OBC political leadership has failed to achieve its share of influence, and the marginalized have been concentrated around Ramesh Dhawaala, Sarveen Chaudhary, and currently, Prof. Chandra Kumar. The OBC community has directly pointed out the indifference in the allocation of various welfare schemes and has advocated for the community's presence to be reflected in the state's economic resources. Here, the scales of reservation are clashing with the scales of neglect. In contrast to the social upliftment that the Scheduled Castes and Scheduled Tribes have received, the OBC identity has found neither ground nor sky. This is a complaint not only in education but also in employment applications. There's a complaint that if tribal hostels are being built in educational institutions, when will hostels for OBC children be built? Clearly, OBCs now want to be established and certified with their rights everywhere, which is why many symbolic demands have been raised. For example, fed up with the incomplete vision of Chaudhary Hariram Park in Mataur or the OBC Bhawan in Pasu, the community is now calling for a caste-based vote count. A series of demands and a massive campaign of struggle resonated in Dharamshala. OBCs have identified certain constituencies for political use, and this movement, by shaping future politics, has also challenged the empires of many leaders. It was a matter of a home, but where the breach occurred.

New opportunities lie hidden in this new crisis; we must maintain the availability of technically skilled people.

Certainly, there is an opportunity for Indians working in the US to return and contribute to the country with their skills and ideas. This will also accelerate the 'Atmanirbhar Bharat' campaign. To turn the crisis of high fees imposed by Trump into an opportunity, we must also pay attention to several other factors. US President Donald Trump has increased the H-1B visa fee to $100,000, or approximately Rs 8.8 million. However, this new rule will only apply to new visa applicants. There is no annual fee. Those who already hold H-1B visas and are currently outside the US will not be charged a re-entry fee. Trump has defended this decision as a measure to protect American jobs, arguing that outsourcing companies have used the program to replace American workers with cheaper foreign workers. Meanwhile, several US lawmakers and community leaders have called Trump's decision unfortunate and pointless, saying it will have a profound negative impact on the American IT industry. It deprives the US of highly skilled workers. The US issues 65,000 H-1B visas and 20,000 additional visas each year. Approximately 70 percent of these visas are granted to Indians. Thousands of employees at companies like Amazon, Microsoft, and Meta employ H-1B workers. Many Indian companies, such as Infosys, TCS, Wipro, HCL, and Cognizant, also rely heavily on this visa to operate in the US. Trump's decision will create difficulties for small companies and startups that employ skilled workers. This change in visa fees will also threaten the jobs of Indian IT engineers in the US. While this decision is certainly a disaster for India's IT sector and Indian talent, it could also be an opportunity in many ways. There are chances that high visa fees will force American companies to shift their jobs abroad, to countries like India. If this happens, Trump's policy could prove beneficial for India and other countries rather than the United States. Multinational companies could also establish Global Capability Centers (GCCs) in India, providing greater opportunities for Indian talent. GCCs are a new trend in the job market. They focus on IT support, customer service, finance, HR, and research and development. Due to its high-skilled youth, India is poised to become the world's largest hub for GCCs. Fifty percent of the world's GCCs are located in India alone. Currently, there are 1,700 GCCs in the country, employing over 2 million people. The size of the GCC market in India is estimated at ?5.4 lakh crore (?5.4 lakh crore) and is expected to reach ?8.4 lakh crore (?8.4 lakh crore) by 2030. India's GCCs contribute 1 percent to Indian GDP, and by 2030, this will increase to 3.5 percent. Increasing H-1B visa fees will prevent global talent from moving to the US. This could also reduce innovation there and revitalize Indian innovation. It is expected that the next wave of patents, innovations, and startups will grow rapidly in India. Retaining Indian talent will strengthen India's research and development landscape. India currently ranks 39th in the Global Innovation Index (GII) 2024. According to the World Intellectual Property Indicators Report 2024, India has ranked among the top 10 countries globally for three key intellectual property rights (IP)—patents, trademarks, and industrial designs. Now, US IT companies can outsource more work to Indian companies. This will increase work from India to the US. India will be poised to become a new hub for global outsourcing. A key driver of India's progress in outsourcing over the past several years is the country's robust communications infrastructure. The privatization of the telecommunications industry has led to the emergence of new companies, leading to a significant decline in telecom tariffs. High-quality, prompt service, IT experts, and a large population of young people fluent in English are other reasons why India remains a global leader in outsourcing. There is certainly an opportunity for Indians working in the US to return and contribute to the country with their skills and ideas. This will also accelerate the "Atmanirbhar Bharat" campaign. To turn the crisis of high fees imposed by Trump into an opportunity, we must also focus on several other factors. For example, we must seize the vast new opportunities for outsourcing in the US market, as well as in Europe and the Asia-Pacific region. To do this, we must focus on talent development in India for a bright future for outsourcing. We all know that our leadership in the software industry is primarily due to the affordability of our services and programs. Therefore, to maintain this position, we must maintain the availability of technically skilled personnel.

Ayurveda, the key to holistic health, has become increasingly necessary in modern lifestyles.

People, especially the youth, must understand that the true key to human health lies in Ayurveda, and that happiness for the soul, senses, and mind is possible only through Ayurveda. Ayurveda works to maintain balance between the body, mind, and consciousness, and its need has increased even more in today's modern lifestyle. Fulfilling this need will make Ayurveda Day meaningful. Ayurveda, described in the Atharva Veda, is the science that provides knowledge of life. Every person who desires a healthy and happy life should learn and adopt Ayurveda, because Ayurveda not only emphasizes keeping humans healthy but also preaches the importance of living a healthy and balanced life. Ayurveda is unique because, in addition to curing physical ailments, it also addresses mental disorders. Therefore, yoga and meditation are also part of Ayurveda. It is believed that Ayurveda was propounded by Lord Brahma himself, Lord Dhanvantari, and after him, by various sages and seers like Sushruta, Charaka, etc., for the welfare of the people. This verse reveals its purpose: "Swasthasya swastha rakshanam aturasya vikara Meaning, the purpose protect the health of the illness of the sick. made up of the five water, and earth. this principle. whether it is the living being, all have five elements exist in doshas, ??metals, and Ayurveda, the three considered to be Vata, balance of these health. While most especially Western on curing ailments of Ayurveda supports of humans in all areas called a holistic system provides for healing

prashamanam cha." of Ayurveda is to the healthy and alleviate The entire universe is elements: space, air, fire, Ayurveda is based on Ayurveda believes that universe or the smallest the same origin. These the body in the form of waste. According to doshas in the body are Pitta, and Kapha. The doshas defines human medical systems, medicine, focus solely the physical body, the holistic development of life. This is why it is of medicine. Ayurveda through basic lifestyle practices like daily routine, seasonal routine, yoga, diet, and the use of harmless fruits, flowers, herbs, minerals, etc. obtained from nature. Ayurveda teaches us how to attain the unattainable, protect the acquired, increase the protected, and abandon the forbidden. This is the fundamental principle for a healthy and happy life. Ayurveda has been an integral part of our culture and lifestyle since its inception in India. However, over time, due to the invaders' tendency to destroy Indian culture and the mentality of slavery, Ayurveda declined. Subsequently, during the British rule, attempts were made to eliminate Ayurveda, and Western medicine was given priority, deeming it ineffective. To discredit Ayurveda, Ayurvedic doctors and vaidyas were labeled quacks, meaning fake doctors. During the COVID pandemic, Ayurvedic medicines proved extremely beneficial in neutralizing the effects of the coronavirus and boosting immunity. This led to a renewed trust and interest in Ayurveda. Currently, the Government of India and its institutions are launching new schemes to promote Ayurveda, as well as efforts to expand the facilities for Ayurvedic medicine, which are also increasing the influence and trust in Ayurveda. Ayurveda is a science based on nature. Therefore, preserving nature is the preservation of Ayurveda. It should be a matter of concern for all of us that the plants and minerals used in Ayurvedic medicines are becoming scarce or their availability is decreasing. Conserving these is a major challenge for Ayurveda. Forest guards and farmers need to be encouraged to cultivate medicinal plants, plants, and trees. This will benefit not only Ayurveda but also villagers and especially farmers. Adherence to standardized regulations to establish the quality of Ayurvedic medicines is also the need of the hour. To increase the credibility of Ayurveda, it is also essential to prioritize the research necessary to ensure the quality of Ayurvedic medicines. This task must be undertaken specifically by institutions associated with Ayurveda. This should be done on a priority basis, as it is the science that provides complete health to humans. The Indian government must also focus on establishing the importance of Ayurveda globally. To secure its future, there is a need to create awareness among youth about it. The Ayurvedic system of medicine is a scientific system. Currently, there are not enough Ayurvedic doctors in our country relative to the population. People, especially youth, must understand that the true key to human health lies in Ayurveda, and that happiness for the soul, senses, and mind is possible only through Ayurveda. Ayurveda works to maintain balance in the body, mind, and consciousness, and its need has increased significantly in today's modern lifestyle. Fulfilling this need will make Ayurveda Day meaningful.

मुरादाबाद ग्राउंड रिपोर्ट: बाजार का खेल... जीएसटी की छूट जमीन पर फेल, दुकानदारों के अपने तर्क, पीस रहे ग्राहक

सरकार ने जीएसटी की नई दरों के बाद कई वस्तुओं के दाम कम होने का दावा किया है। बावजूद ग्राहकों को अभी इसका फायदा नहीं मिल रहा है। अमर उजाला की पड़ताल में दुकानदारों ने बताया कि दैनिक उपयोग की चीजें अब भी पहले जैसी दरों पर बिक रही हैं। सरकार की ओर से जीएसटी की नई दरों के बाद कई वस्तुओं के दाम कम होने का दावा किया जा रहा है, जबकि बाजार में लोगों को उनके दैनिक उपयोग की चीजें अभी घटी दरों पर नहीं मिल रही हैं। अमर उजाला ने बाजार में अलग-अलग उत्पादों के दुकानदारों से बातचीत की तो जमीनी हकीकत दावों से अलग मिली।पुराने रेट पर ही बिक रही दाल, बटर व दूध भी महंगे कटरा बाजार में अमरोहा गेट के पास किराना दुकानदार श्याम बंसल ने पूछने पर लोकल ब्रांड मधुसूदन देशी घी के टिन का दाम 9280 रुपये बताया। जीएसटी की घटी दरों का बात सुनते ही कहते हैं कि सोमवार को 30 रुपये प्रति लीटर घटे थे। मंगलवार को कंपनी ने 20 रुपये प्रति लीटर एमआरपी बढ़ा दिया। लाइनपार में आरके ट्रेडर्स के संचालक राजेश कहते हैं कि अरहर की दाल पहले 90 रुपये किलो थी और अब भी। इसी तरह चीनी का 50 किलो का कट्टा 2150 रुपये का था और अब भी इतने का ही है। अमूल, पराग के दूध का दाम भी कम नहीं हुआ है। दुकानदार संजीव यादव का कहना है कि अभी पुराना स्टॉक है, जब नया माल आएगा को अंतर दिखेगा। फारच्यून रिफाइंड के टिन के दाम महीने भर से 1960 और रविंद्रा तेल के 2517 ही हैं।दवाओं के दाम में भी दुकानदारों की मनमानी एजीथ्रोमाइसिन, डोलो, सिट्राजीन जैसी सामान्य दवाओं के दाम बाजार में कम नहीं हुए हैं। कैंसर व दिल की बीमारियों के दाम भी पुराने ही हैं। साईं अस्पताल के सामने मेडिकल स्टोर संचालक सुधाकर शर्मा बताते हैं कि कंपनियों की ओर से नए एमआरपी जारी करने में अभी समय लगेगा। अभी मार्केट में पुराना स्टॉक है और उसी एमआरपी के आधार पर दवाएं बेची जा रही हैं। सिद्ध अस्पताल के पास इंसुलिन का कार्टेज खरीद रहे तीमारदार अमित ने बताया कि उन्हें पुराने मूल्य पर ही दवा मिली है। जबकि ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष साहित्य रस्तोगी का कहना है कि पहले खरीदी जा चुकी दवाओं को भी विक्रेता को नई जीएसटी दरों पर बेचना चाहिए। उसका बिल भी ग्राहक को देना चाहिए। नहीं घटे पीतल के बर्तन, पूजन की मूर्तियों के दाम मंडी चौक में त्योहारी सीजन के लिए सजी पीतल के बर्तनों व सजावटी उत्पादों की दुकानों पर भी चीजों के दाम में कोई अंतर नहीं आया है। हालांकि दुकानदार बिल में पांच प्रतिशत जीएसटी लगाकर ग्राहक को सामान दे रहे हैं लेकिन मूल्य बढ़ जाने से ग्राहक को कोई छूट नहीं मिल रही है। एएम ट्रेडर्स के संचालक अर्पित अग्रवाल व एक अन्य दुकानदार राहुल अग्रवाल के मुताबिक कच्चे माल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इसलिए पीतल के उत्पादों का दाम बढ़ गया है। मंडी चौक में अलग-अलग दुकानों पर पीतल का दाम भी अलग-अलग है। इस पर कोई अंकुश नहीं है। 10 किलो का पीतल का घंटा किसी दुकान पर 680 रुपये प्रति किलो है तो किसी के पास 1000 रुपये किलो।स्पलेंडर पर 8000 तो बुलेट के दाम में 15000 की गिरावट दिल्ली रोड पर जवाहर मोटर्स, ब्रास सिटी मोटर्स हो पीली कोठी पर रॉयल एनफील्ड का शोरूम। हर जगह ग्राहकों की भीड़ है। जवाहर मोटर्स के संचालक राहुल कपूर के मुताबिक 350 सीसी से कम की बाइक और सामान्य कारों के लिए जीएसटी 28 से घटाकर 18 प्रतिशत की गई है। इसके कारण स्पलेंडर बाइक 8000 रुपये और बुलेट 350 बाइक 15000 रुपये तक सस्ती हो गई है। यही स्थिति टीवीएस अपाचे और बजाज पल्सर की है। दिल्ली रोड स्थित टाटा मोटर्स शोरूम के संचालक आदित्य गुप्ता बताते हैं कि त्योहारी सीजन में कारों की बंपर बुकिंग है। 40 हजार का टीवी अब 36000 में मिल रहा लाइनपार में रोमिव इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम के संचालक रोमिव बताते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के दामों में गिरावट आई है। जीएसटी की दरें 28 से घटकर 18 प्रतिशत हो गई हैं। इससे दुकानदार के साथ ग्राहक को सीधा फायदा पहुंचा है। शैंकी नागरथ कहते हैं कि 40 हजार का एलईडी टीवी अब 36 हजार में मिल रहा है। दुकानदार हरविंदर सिंह का कहना है कि शादियों का सीजन आने वाला है। इसलिए वाशिंग मशीन की भी अच्छी बुकिंग है। सरकार के साफ निर्देश हैं कि दवा विक्रेता घटी हुई जीएसटी दरों पर ही दवा बेचें। इसका बिल बनाकर ग्राहक को दें और उसमें स्पष्ट करें कि पुरानी दरों के मुताबिक दवा की कीमत कितनी थी और नई जीएसटी दरों के लागू होने से उन्हें कितने रुपये का लाभ मिला है। सामान्य दवाओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाया गया है। जबकि गंभीर बीमारियों की दवा पर जीएसटी शून्य है। - साहित्य रस्तोगी, अध्यक्ष, ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन ग्राहकों की जागरूकता से बाजार में असर दिखेगा। जीएसटी घटने से कई लोगों ने वस्तुओं का मूल्य ही बढ़ा दिया है। कई उत्पादों का मूल्य कंपनियों ने बढ़ाया है। इसलिए दाम में अंतर नहीं दिख रहा है। हालांकि टैक्स में छूट मिलने से सभी खुश हैं। - अरविंद अग्रवाल, अध्यक्ष, संयुक्त व्यापार मंडलघटी दरों पर सामान न दें दुकानदार तो 1915 पर करें कॉल = एके सिंह राज्यकर के अपर आयुक्त ग्रेड-1 एके सिंह का कहना है कि केंद्र सरकार के अधिकारी बाजारों की मॉनिटरिंग में लगे हैं। यदि कोई दुकानदार जीएसटी की घटी दरों के मुताबिक सामान न दे तो आप व्हाट्सएप नंबर 8800001915 पर शिकायत करें या फिर 1915 डायल कर फौरन सूचना दें। स्थानीय स्तर पर जीएसटी कार्यालय में शिकायत की जा सकती है। सरकार के निर्देशों के बाद निर्माता कंपनियों ने साफ कहा है कि दुकानदार पुराने स्टॉक को भी जीएसटी की घटी दरों पर बेचें। उसका बिल बनाकर कंपनी को दें नुकसान की भरपाई निर्माता की ओर से की जाएगी। उदाहरण के लिए पार्ले-जी से लेकर अंकल चिप्स तक सबके दाम कम होने चाहिए। स्थानीय स्तर पर लोगों की शिकायत मिलने पर हमारे विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी। उक्त उत्पादों पर जीएसटी की दर 12 से घटाकर 5त्न की गई है। सामान्य दवाओं को 12 प्रतिशत के स्लैब से पांच प्रतिशत पर लाया गया है। पीतल व अन्य धातु उत्पादों पर जीएसटी की दर 18 से घटाकर पांच प्रतिशत की गई है।

मुरादाबाद में बना रहे पिस्टल व कारतूस, दिल्ली पुलिस ने तीन पकड़े, पीतल कारोबार की आड़ में शस्त्र फैक्टरी

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुरादाबाद के कटघर क्षेत्र में चल रही अवैध हथियार और कारतूस बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। पीतल कारोबार की आड़ में हथियार तैयार किए जा रहे थे। मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कटघर क्षेत्र में चल रही कारतूस व हथियार बनाने वाली फैक्टरी का खुलासा किया है। यह फैक्टरी किराये के मकान में पीतल कारोबार की आड़ में चल रही थी। पुलिस ने कटघर के पीरजादा निवासी हिस्ट्रीशीटर (57) को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो अर्ध-स्वचालित बोर के 210 कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा अन्य

(65) और उसके साथी फाजिल (50) और जमीर पिस्तौल, पांच सिंगल-शॉट पिस्तौल और .315 सामान भी बरामद किया गया है। बुधवार को दिल्ली गई।दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त कैलाश बिष्ट की टीम को 22 सितंबर को एक हथियार नामक तस्कर हथियारों की खेप देने दिल्ली के गाजीपुर पकड़ लिया। उसके पास से चार सिंगल-शॉट पिस्तौल बाद पुलिस ने मंगलवार को रामपुर में छापा मारकर बोर के 20 कारतूस बरामद किए गए। जमीर ने पीरजादा निवासी इलियास से खरीदे थे। दिल्ली पुलिस पुलिस की स्पेशल टीम तीनों आरोपियों को अपने साथ ले अमित कौशिक ने बताया कि सेल की पूर्वी रेंज में तैनात एसीपी तस्कर के बारे में सूचना मिली थी। पता चला कि फाजिल फ्लाईओवर के पास आएगा। पुलिस ने घेराबंदी कर फाजिल को और .315 बोर के 166 कारतूस मिले। फाजिल से पूछताछ के जमीर को गिरफ्तार किया। इसके पास से भी पुलिस को .315 बताया कि उसने यह कारतूस मुरादाबाद के कटघर क्षेत्र के की टीम ने बुधवार की सुबह घेराबंदी कर इलियास को दबोच लिया और उसके पास से दो अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और एक सिंगल-शॉट पिस्तौल बरामद की। इलियास ने अपने घर के पास एक घर में कारतूस व अवैध हथियार बनाने की निर्माण फैक्टरी चला रहा था। दिल्ली पुलिस ने कटघर थाने की पुलिस की मदद से फैक्टरी में छापा मार दिया और यहां एक लेथ मशीन, ग्राइंडिंग मशीन, कारतूस बनाने के अन्य उपकरण, 354 गोलियों के लीड, 350 खोल, बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। बरामद कच्चे माल से लगभग 1000 कारतूस बनाए जा सकते हैं। इसके बाद टीम तीनों को अपने साथ दिल्ली ले गई। फाजिल- आरोपी फाजिल अनपढ़ है और वह अपने गांव में थोड़ी सी जमीन पर खेती करता है। करीब 5-6 साल पहले वह अपने रिश्तेदारों के माध्यम से जमीर के संपर्क में आया। इसके बाद उसने जमीर से अवैध हथियार खरीद कर दिल्ली में सप्लाई करना शुरू कर दिया। जमीर- रामपुर आरोपी जमीर ने पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई की है। परिवार का पालन-पोषण करने के लिए छोटी-मोटी नौकरी करने लगा। 5-6 साल पहले वह मुरादाबाद के इलियास के संपर्क में आया। तब से जमीर ने इलियास से अवैध हथियार खरीद कर आगे सप्लाई करना शुरू कर दिया था। इलियास- कटघर थाने का हिस्ट्रीशीटर इलियास ने पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई की है। अपने पिता के साथ पीतल के काम में लग गया। छोटी उम्र में ही उसने स्थानीय कारीगरों से गोला-बारूद बनाने की तकनीक सीख ली थी। करीब 20 साल पहले वह गोला-बारूद बनाने के अवैध धंधे में शामिल हो गया था। उसे पहली मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। पुलिस से बचने को किराये का मकान लेकर चला रहा था फैक्टरी- कटघर थाने का हिस्ट्रीशीटर 65 वर्षीय इलियास बहुत शातिर है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर का सत्यापन के लिए अभियान चलाया तो उसने एक दिव्यांग का मकान किराये पर ले लिया था। इसके बाद आरोपी ने इसी मकान में अवैध कारतूस और हथियार बनाने शुरू कर दिए थे। पुलिस उसके घर सत्यापन करने जाती तो वह घर में मिलता था लेकिन पुलिस के जाने के बाद अपने काम में जुट जाता था। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि इलियास कटघर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ अलग अलग थानों में केस दर्ज है। मुगलपुरा थाने में गैंगस्टर में भी उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया था। दिल्ली पुलिस ने की कर्रवाई, कटघर पुलिस को नहीं लगी भनक- दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने मुरादाबाद में बड़ी कार्रवाई है। दिल्ली में पकड़े गए कारतूस सप्लायर के जरिए पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए मुरादाबाद पहुंची और अवैध कारतूस और हथियार बनाने की बड़ी फैक्टरी पकड़ ली लेकिन कटघर थाने की पुलिस हिस्ट्रशीटर का सत्यापन तो करती रही लेकिन उसकी गतिविधियों को सही से चेक नहीं कर पाई। यह सत्यापन कागजों में चल रहा था यहां पुलिस कर्मी मौके पर जाते थे। यह तमाम सवाल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

आजम के कटाक्ष : अखिलेश बड़े नेता हैं, मेरे जैसे छोटे आदमी के लिए कोई बात कहेंगे तो उनका बडप्पन

रामपुर-। सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री आजम खां ने पत्रकारों ने उन्हें घेर लिया। बसपा में जाने के सवाल पर चीज है, हम बिकाऊ माल नहीं है यह हमने साबित कर मिलने न आने के सवाल बोले कि बड़ी पार्टी के बड़े नेता बड़प्पन है। पूर्व मंत्री 23 माह के बाद 23 सितंबर को समय अपने परिवार के बीच गुजारा। शहर के मोहल्ला आजम खां मीडियाकर्मियों के सवालों का सधे हुए अंदाज अपनी हंसी नहीं रोक सके। जब पूछा गया कि स्थानीय आए हैं, इसके जवाब में कहा कि वह खैरियत से रहें लेकर कहा कि मैं अपने यहां टिकट नहीं दिलवा सका कोई फोन आया इस सवाल के जवाब में कहा कि उन्हें हैं। कहा कि वह पांच साल मोबाइल से दूर रहे और अब पत्रकारों के सवालों का जवाब अपने चित परिचित अंदाज में दिया। पूरे दिन के इंतजार के बाद वह अपराह्न में अपने आवास से बाहर आए और

मुस्कान के साथ जवाब दिया कि हमारे पास चरित्र नाम की दिया है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रामपुर हैं मेरे जैसे छोटे आदमी के लिए कोई बात कहेंगे तो उनका सीतापुर जेल से छूटकर अपने घर पहुंचे और उन्होंने अधिकतर मीरबाज खां स्थित आवास से दोपहर बाद बाहर निकले में जवाब देते रहे। आजम के चुटीले कटाक्षों पर मीडियाकर्मी सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी भी उनसे मिलने नहीं आबाद रहें। मुरादाबाद के पूर्व सांसद एसटी हसन को उनका टिकट कैसे कटवा सकता हूं। अखिलेश यादव का सिर्फ अपनी पत्नी का फोन नंबर याद था उसे भी भूल गए मोबाइल चलाना भी भूल गए हैं। कहा कि वह बड़े आदमी नहीं हैं पार्टी के खादिम हैं। सीतापुर में कार्यकर्ताओं की गाड़ियों के चालान को लेकर कहा कि न कहे कि जमाना कितनी सजा पा रहा है। कुछ कहेंगे तो पता नहीं उन लोगों को और क्या-क्या सजाएं मिलेंगी। इतने केस लगने पर कहा कि देश में जो लोग नहीं जानते थे वह भी जान गए। जिन लोगों को मेरे बारे में नहीं मालूम था कि मैं कैसा आदमी हूं वह भी जान गए। कहा कि पांच बरस कोठरी में अकेला रहता रहा, अहसास ही मर गया किसी का इंतजार ही नहीं है। कहा कि मुकदमों में दम होता तो मैं बाहर नहीं होता। कहा कि छोटी अदालत से लेकर बड़ी अदालत से उम्मीद है कि इंसाफ मिलेगा और एक दिन मैं बेदाग हो जाऊंगा। कहा कि अखिलेश से उतनी ही मोहब्बत करते हैं जितना नेता जी उनसे मोहब्बत करते थे। बसपा में जाने के सवाल के जवाब में कहा कि बेवकूफ हूं लेकिन, इतना भी नहीं हूं। कहा कि पहले 27 महीने जेल में रहा, अब 23 महीने जेल में रहा छोटा सा आदमी था जेल से चला आया हूं।

संक्षिप्त समाचार

मुरादाबाद में जहर खिलाकर महिला की हत्या, एक माह बाद पुलिस ने कब्र से निकलवाया शव

नागफनी निवासी विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत मामले में उसके पति समेत दस लोगों पर हत्या का केस दर्ज कराया गया है। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को

जहर खिलाकर मार दिया गया। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम करवाया है।नागफनी थानाक्षेत्र के मोहल्ला डेहरिया निवासी तहसीन की पत्नी नाजिया की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इस मामले में नाजिया के पिता ने तहसीन समेत दस लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति और ससुराल वालों ने जहर खिलाकर नाजिया की हत्या की गई है। एक माह बाद पुलिस ने बुधवार को कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित रखा गया है। ठाकुरद्वारा के वार्ड संख्या 15 मछली बाजार निवासी हाजी चांद दूल्हा ने दर्ज कराए केस में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी नाजिया (26) की शादी चार साल पहले नागफनी के डेहरिया निवासी तहसीन के साथ की थी।तहसीन की कपड़े की दुकान और पीतल का कारोबार है। शादी के बाद से आरोपी तहसीन और उसके परिवार के गुलजार, वसीम, शाहरूख, कुलसुम निशा, फरहा, रूखसाना परवीन, उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के रामनगर निवासी ननदोई शरीफ अहमद और दिल्ली के रंजीत नगर निवासी बाबू आए दिन नाजिया को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। कई बार दोनों पक्षों की पंचायत हुई लेकिन आरोपियों ने नाजिया का उत्पीड़न कम नहीं किया। पिता का आरोप है कि 28 अगस्त को आरोपियों ने नाजिया के साथ मारपीट की और जहर खिला दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसकी जानकारी मिलने पर मायके वाले आए और नाजिया को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हाजी चांद दूल्हा का आरोप है कि उन्होंने तहसीन से इस मामले में पूछताछ की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस मामले में नागफनी पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस न भी कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद नाजिया के शव को दफना दिया गया।पिता की शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर इस मामले में सात सितंबर को नागफनी थाने में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने की अनुमति मांगी। डीएम के आदेश पर बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूद में कब्र से शव निकाला गया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। विसरा सुरक्षित रखा गया है। विसरा को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा।

शादीशुदा महिला का युवक से अफेयर... प्रेमिका से हुआ झगड़ा तो पशु व्यापारी के बेटे ने की आत्महत्या

मुरादाबाद में शादीशुदा प्रेमिका से झगड़ा होने के बाद युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवाया है। दोनों में करीब दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था।मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा के फरीदनगर गांव में पशु व्यापारी के बेटे ने बुधवार को प्रेमिका से झगड़ा होने के बाद पेड़ पर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस से परिजनों और ग्रामीणों ने शव का पोस्टमार्टम करने से इन्कार कर दिया। इस पर पुलिस ने पंचायत नामा की कार्रवाई कर शव को परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी पशु व्यापारी कदीर का पुत्र सईद (22) का गांव की विवाहिता से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पति से अनबन होने के कारण वह मायके में रहती थी।दोनों में करीब दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन विवाहिता का पति उसे तलाक नहीं दे रहा था। इसे लेकर तीन माह पूर्व गांव में पंचायत भी हुई थी। पंचायत ने दोनों का निकाह कराने को कहा लेकिन विवाहिता का तलाक नहीं हो पाया।मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे सईद का अपनी प्रेमिका से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस पर तनाव में आया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी का किया निरीक्षण वैक्सीन को लेकर पाई गई कमियां प्रभारी को किया निर्देशित

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार /पीलीभीत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरिया की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज महिला आयोग की सदस्य अ ै च क पुष्पा पांडे ने इस दौरान निरीक्षण किया। चिकित्सा उन्होंने मरीजों से जानकारी व व्यवस्था की जानकारी सुविधाओं की मिल रही ली। मरीजों को में उनसे व सुविधाओं के बारे जानकारी परिजनों से

लेकर डॉक्टरों को निर्देश दिए। महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरिया में निरीक्षण के दौरान वैक्सीन को लेकर पाई गयी कमियों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अनिकेत को निर्देशित किया। उन्होंने स्टाफ रजिस्टर, वाटर कूलर, साफ-सफाई और डिलीवरी पॉइंट का निरीक्षण किया। डॉक्टरों से चर्चा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि प्रसव के बाद जटिलता वाले मामलों को तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया जाए। साथ ही साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के निर्देश दिये। हालांकि, कुल मिलाकर अस्पताल में अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया की अमरिया क्षेत्र काफ़ी बड़ा है और मरीज़ो को देख कर लग रहा है कि यहाँ काफ़ी अधिक संख्या में मरीज़ आते है। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक है और उम्मीद की कि आने? वाले समय में व्यवस्थाएं इससे और बेहतर होंगी।

बरेली के कुर्मांचल नगर मंदिर प्रांगण में रामलीला का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। पर्वतीय समाज (रजि0) नाथ नगरी बरेली में अपनी संस्कृति को सजोये हुए है। सन् 1967 से पर्वतीय समाज मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी की लीला का मंचन करते आ रहा है। स्थानअभाव के कारण यह कार्यक्रम समय समय पर अलग अलग स्थानों पर होता आ रहा है। जैसे कि सर्व प्रथम रेलवे मनोरंजन सदन, सर्किट हाउस चौराहा इलाहाबाद बैंक के पास, जवाहरलाल नेहरू युवा राष्ट्रीय केन्द्र सिविल लाइन, आर ए लाईन तोपखाना ग्राऊण्ड, लुकाट लाईन कैन्ट और उज्वल ग्राउण्ड बी आई बाजार के पास कैन्ट बरेली में करते आ रहे हैं। इस वर्ष समाज ने इस कार्यक्रम को कुर्मांचल नगर भोले नाथ मन्दिर के मैदान में करने का निर्णय लिया, बरेली प्रशासन के सहयोग से इसकी अनुमति समाज को मिल गयी। ये कार्यक्रम समाज स्थानीय कलाकारों को पूर्वाभ्यास करा कर अलग अलग पात्रता का किरदार/अभिनय के लिए तैयार किये जाते हैं, जिसका निर्वहन उमेश बिनवाल और आनन्द सिंह मेहता के निर्देशन में पूर्ण हुआ। आज हमारे सभी कलाकार अपने कुशल अभिनय के लिए फिट हो चुके हैं। दिनांक 26.09.25 से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी की लीला कुर्मान्चल नगर भोले नाथ मन्दिर के बिशाल मैदान में होने जा रही है । इस लीला की विशेषता यह है कि यह लीला राग भैरवी, दोहा, चौपाई, छन्द, माल कोष,राग रागनी आदि तर्ज पर गाई जाती है। वर्तमान में यह आयोजन पर्वतीय समाज द्वारा देवेन्द्र सिंह दियोलिया अध्यक्ष एवं नरेन्द्र सिंह बिष्ट महा सचिव के नेतृत्व में कराया जा रहा है। हमारे इस कार्य क्रम में स्कूल के बच्चे, सरकारी सेवा रत कर्मचारी, एवं अन्य प्राइवेट फर्मों में कार्यरत लोग अपना अभिनय करते हैं। नगर निगम के उप सभापति नरेन्द्र सिंह जी का विशेष सहयोग हमेशा ही रहा है।

सीबर की समस्या से परेशान लोगों का दर्द सुना सभासद दंगल सिंह यादव ने मौके पर पहुंचकर समस्या को हल कराया दंगल सिंह यादव

क्यूँ न लिखूँ सच /राजेंद्र विश्वकर्मा / कोंच(जालौन) आज नगर पालिका परिषद की भाजपा सभासद गोखले नगर से निर्वाचित सीमा यादव के प्रतिनिधि युवा नेता से दंगल सिंह यादव ने अपने वार्ड में जाकर लोगो की समस्याओं को देखा और सुना वहां वार्ड में लोगो ने सीबर की समस्या को सभासद दंगल सिंह के सामने उठाया और कहा कि इस सीबर की समस्या से हम लोगों का जीना हराम है और इस सीवर के पानी के कारण वह काफी परेशान है उन्होंने तत्काल इस समस्या के निराकरण के लिये अपनी देखरेख में कार्य शुरू कराया ओर इस समस्या का हल करवाया उन्होंने बताया है कि वह वार्ड के लोगों के लिये दिनरात कार्य करते है वह कोई नेता नहीं है बल्कि एक सेवक है जो सबकी सेवा कर रहे है इस योगी सरकार की तारीफ करते हुये उन्होंने कहा कि योगी सरकार में जनता की जो भी समस्या है वह जल्द ठीक कराई जाती है भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विकास किया है और बिना भेदभाव के कर रही है इस अवसर पर ललित वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे

नरवर में CM डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच / शिवपुरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 27 सितम्बर को तहसील नरवर में प्रस्तावित भ्रमण को लेकर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने आज व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन तथा करैरा विधायक रमेश खटीक शामिल रहे। अधिकारियों ने हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक की सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान हेलीपैड की तैयारी, सुरक्षा बलों की तैनाती, मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था का परीक्षण किया गया। साथ ही मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाने और आमजन की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम करने को भी कहा गया। अधिकारियों ने पुलिस व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, अग्निशमन और वीआईपी मार्ग व स्वागत स्थल की विशेष रूप से समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी विभाग समयबद्ध ढंग से तैयारी पूरी करें।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पोषण कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देशानुसार विगत दिवस मिशन शक्ति 5.0 अंतर्गत मा0 सदस्या उत्तर आयोग पुष्पा पाण्डेय की ब्लॉक प्रमुख ब्रजेश केंद्र प्रशासक वन स्टॉप जिला मिशन कॉर्डिनेटर वूमेन रिंकी सैनी द्वारा खण्ड बिथरीचैनपुर में सुमंगला योजना,

योजना के लाभार्थियों एवं विपरीत परिस्थितियों से विजय प्राप्त कर असाधारण कार्य करने वाली महिलाओं बालिकाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मा0 सदस्या एवं मा0 ब्लाक प्रमुख को लाइव प्लांट देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं, विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। उक्त के अतिरिक्त मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पोषण पंचायत कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना अधिकारी विमला द्वारा माननीय सदस्य एवं माननीय ब्लॉक प्रमुख से महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसके अतिरिक्त कंपोजिट विद्यालय बाल जाति नगर क्षेत्र में सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श से टच एवं अनसेफ टच संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया साथ ही एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

यात्रियों को सहूलियत देनी के लिए चलेंगी अंतरराज्यीय मार्गों पर रोडवेज की एसी-स्लीपर बस

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। दीपावली, छठ पूजा के दौरान रोडवेज बरेली से 15 नए मार्गों पर बस सेवा शुरू करेगा। साथ ही, निजी ट्रैवल एजेंसियों से मिल रही चुनौती से निपटने के लिए अंतरराज्यीय सेवाओं के विस्तार की कवायद भी तेज हो गई है। रोडवेज अपने बेड़े में बसों की संख्या बढ़ा रहा है। बेड़े में नई एसी, वॉल्वो और स्लीपर श्रेणी की बसों को शामिल किया जा रहा है। पिछले दिनों 20 नई एसी बसें मिलने के बाद बरेली परिक्षेत्र में इनकी संख्या अब 52 हो गई है। इनमें से बरेली और रुहेलखंड को आठ-आठ, बदायूं और पीलीभीत को दो-दो बसें आवंटित की गई हैं। दीपावली से पहले चार वॉल्वो और चार एसी स्लीपर बसें भी मिल जाएंगी। अंतरराज्यीय बस सेवा के नाम पर परिक्षेत्र की बसें दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड और चंडीगढ़ जाती हैं। मथुरा, आगरा, जयपुर के लिए ट्रेनों की संख्या कम होने से इस रूट पर बसों की संख्या ज्यादा है। अब इस रूट पर एसी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने कहा कि त्योहारी सीजन में किसी रूट पर बसों की कमी नहीं रहेगी। नए रूटों पर भी एसी बस सेवा शुरू की जा रही है। अंतरराज्यीय बस सेवा को भी विस्तार दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में 15 नए रूटों पर बस सेवा शुरू करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

नगर पालिका सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा ने धनुताल मैदान की सफाई करवाई

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार / कोंच(जालौन) आज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के निर्देश पर पालिका के इलाके के सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा ने नगर के ऐतिहासिक प्राचीन धनुताल मैदान की नगर पालिका की मशीनों से पालिका कर्मियों की मदद से बढ़िया साफ सफाई करवाई साथ इस धनुताल मैदान जिस पर दशहरा पर रावण मेघनाद वध लीला मेला के रूप में होती है इस मैदान को ठीक कराया साथ समतली करण भी कराया इस साफ सफाई के साथ इस दशहरा मैदान को संवारा सजाया जा रहा है इस अवसर पर राम लीला समिति के संरक्षक केशव बबेले सफाई निरीक्षक सुनील कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे

मिशन शक्ति अभियान नहीं अमोघ शक्ति है : रूपदेई

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। मिशन शक्ति पेज पांच के वरिष्ठ पुलिस

अधीक्षक के आदेश पर वृहस्पतिवार को आजाद नौरंग इंटर कॉलेज वरिष्ठ दीवान रूपदेई ने छात्र -छात्राओं को सरकार के द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न लाभकारी योजनाओं से छात्र -छात्राओं को अवगत करवाया।साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए 112,1076 108 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी।इस दौरान प्रधानाचार्य राम अचल खरवार,शिक्षक गिरीश गंगवार, कांस्टेबल रिंकी शर्मा सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम जी का समाजवादी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

